भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3650
13 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एमबीबीएस और पीजी की मेडिकल सीटें

3650. श्री गिरिधारी यादव:
श्री धर्मेन्द्र यादव:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में चिकित्सा महाविद्यालयों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;
(ख) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस और स्नातकोत्तर (पीजी) चिकित्सा सीटों की संख्या में हुई वृद्धि और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में सीटों की संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार प्रत्येक 10 लाख की जनसंख्या पर एक चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एमबीबीएस और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए स्वीकृत स्थायी संकाय पदों की संख्या में हुई वृद्धि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ङ) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एमबीबीएस और पीजी चिकित्सा संकाय में नियुक्त सदस्यों की संख्या और एमबीबीएस और पीजी सीटों की रिक्त संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(च) आज की स्थिति के अनुसार एमबीबीएस और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए चिकित्सा संकाय के रिक्त पदों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(छ) विगत पांच वर्षों के दौरान चिकित्सा संकाय के भरे गए पदों का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्तमान में देश भर में (एम्स और आईएनआई सहित) कुल 818 चिकित्सा महाविद्यालय हैं। इन चिकित्सा महाविद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख) से (छ): चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) सीटों में हुई वृद्धि के साथ-साथ रिक्त सीटों का वर्ष-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से सहबद्ध नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना' के लिए केंद्रीय प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें उन अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी चिकित्सा महाविद्यालय उपलब्ध नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे की व्यवस्था पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में और अन्य राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के तहत, देशभर में परिकल्पित सभी 157 सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इनमें से, 137 चिकित्सा महाविद्यालय वर्तमान में कार्यशील हैं।

यूजी-एमएसआर, 2023 और पीजी-एमएसआर, 2023 के तहत निर्धारित एमबीबीएस और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए संकाय की आवश्यकता को संबंधित राज्य के क्रमशः स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा महाविद्यालयों द्वारा पूरा किए जाने की अपेक्षा है। तथापि, स्वास्थ्य राज्य का विषय है, और चिकित्सा संस्थानों में संकाय और संविदा कर्मचारियों सहित मानव संसाधनों की नियुक्ति, तैनाती और प्रबंधन से जुड़े मामले संबंधित राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र और प्रशासनिक दायरे में आते हैं।

दिनांक **13.03.2026** के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या **3650** के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अनुलग्नक-I

देश भर में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार चिकित्सा महाविद्यालय

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**निजी महाविद्यालय**	**सरकारी महाविद्यालय**	**कुल महाविद्यालय**
1	आंध्र प्रदेश	20	19	39
2	अंडमान और निकोबार	0	1	1
3	अरुणाचल प्रदेश	0	1	1
4	असम	0	16	16
5	बिहार	12	13	25
6	चंडीगढ़	0	1	1
7	छत्तीसगढ	5	11	16
8	दादरा एवं नगर हवेली	0	1	1
9	दिल्ली	2	9	11
10	गोवा	0	1	1
11	गुजरात	19	24	43
12	हरियाणा	9	8	17
13	हिमाचल प्रदेश	1	7	8
14	जम्मू और कश्मीर	1	11	12
15	झारखंड	3	7	10

16	कर्नाटक	48	24	72
17	केरल	22	14	36
18	मध्य प्रदेश	14	21	35
19	महाराष्ट्र	42	43	85
20	मणिपुर	1	3	4
21	मेघालय	1	2	3
22	मिजोरम	0	1	1
23	नगालैंड	0	1	1
24	ओडिशा	6	15	21
25	पुदुचेरी	7	2	9
26	पंजाब	7	6	13
27	राजस्थान	15	34	49
28	सिक्किम	1	0	1
29	तमिलनाडु	40	38	78
30	तेलंगाना	29	37	66
31	त्रिपुरा	2	1	3
32	उत्तर प्रदेश	37	51	88
33	उत्तराखंड	4	6	10
34	पश्चिम बंगाल	15	26	41

दिनांक **13.03.2026** के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या **3650** के भाग (ख) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अनुलग्नक - II

देश भर के चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों में हुई वर्षवार वृद्धि का विवरण:

क्र.सं.	**शैक्षणिक वर्ष**	**स्नातक सीटें**	**स्नातकोत्तर सीटें**
1	2021-22	8790	4705
2	2022-23	7398	2874
3	2023-24	9652	4713
4	2024-25	8641	4186
5	2025-26	11682	8416

देश भर के चिकित्सा महाविद्यालयों में वर्ष-वार रिक्त स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों का विवरण:

क्र.सं.	**शैक्षणिक वर्ष**	**स्नातक सीटें**	**स्नातकोत्तर सीटें**
1	2021-22	141	3744
2	2022-23	2027	4400
3	2023-24	490	3028
4	2024-25	380	2849

*****